"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 241] रायपुर, सोमवार, दिनांक 6 सितम्बर 2010—भाद्र 15, शक 1932

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़

इन्द्रावती खण्ड, मंत्रालय परिसर, रायपुर

रायपुर, दिनांक 4 सितम्बर 2010

क्र. 24/चार/वि. स. उप. चु./2010/1135.— भारत निर्वाचन आयोग, नई-दिल्ली का अधिसूचना संख्या 100/छ. ग.-वि. स./1/2010, दिनांक 06 सितम्बर, 2010 जिला सरगुजा के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05-भटगांव के लिये विधान सभा उप चुनाव-2010 संबंधी सूचना सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित की जाती है.

सुनील कुजूर,
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी.

भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

नई दिल्ली, तारीख 6 सितम्बर, 2010 — 15 भाद्रपद, 1932 (शक)

अधिसूचना

सं. 100/छ. ग.- वि. स./1/2010. — यतः, छत्तीसगढ़ राज्य की विधान सभा में 5-भटगांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित श्री रविशंकर त्रिपाठी की मृत्यु हो जाने के परिणामस्वरूप दिनांक 9 अप्रैल, 2010 से स्थान रिक्त हो गये हैं, और

2. यतः, इस प्रकार हुई रिक्ति को भरने के प्रयोजन से उप-निर्वाचन कराया जाना है ;

3. अत :, अब, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 150 की उपधारा (1) और धाराओं 30 और 56 के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा :-

(अ) छत्तीसगढ़ राज्य से उक्त 5-भटगांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से यह अपेक्षा करता है कि उक्त अधिनियम के और तद्धीन बनाये गये नियमों और किये गये आदेशों के उपबन्धों के अनुसार 7 अक्टूबर, 2010 (बृहस्पतिवार) से पूर्व राज्य की विधान सभा में हुई उक्त रिक्ति को भरने के प्रयोजन से एक व्यक्ति निर्वाचित करें ;

(आ) उक्त निर्वाचन के संबंध में :-

(क)	नामनिर्देशन करने की अन्तिम तारीख :	13 सितम्बर, 2010 (सोमवार)
(ख)	नामनिर्देशनों की संवीक्षा की तारीख :	14 सितम्बर, 2010 (मंगलवार)
(ग)	अभ्यर्थिताएं वापस लेने की अन्तिम तारीख :	16 सितम्बर, 2010 (बृहस्पतिवार)
(घ)	वह तारीख जिसको, यदि आवश्यक हुआ तो मतदान होगा :	1 अक्टूबर, 2010 (शुक्रवार)
(ङ)	वह तारीख जिससे पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जाएगा :	7 अक्टूबर, 2010 (बृहस्पतिवार)

नियत करता है ; और

(इ) 8.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराहन तक का समय ऐसे समय के रूप में नियत करता है जिसके दौरान, यदि आवश्यक हुआ तो, निर्वाचन के लिये उक्त विनिर्दिष्ट तारीख को मतदान होगा.

आदेश से,

हस्ता./-

(के. अजय कुमार)

सचिव

भारत निर्वाचन आयोग

ELECTION COMMISSION OF INDIA
Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001

New Delhi, Dated 6th September, 2010—15 Bhadrapada, 1932 (Saka)

NOTIFICATION

No. 100/CG-LA/1/2010 .— WHEREAS, the seat of Shri Ravishankar Tripathi, in the Legislative Assembly of the State of Chhattisgarh, elected from 5-Bhatgaon Assembly Constituency in the State, has become vacant on 9th April, 2010 by reason of his death ; and

2. WHEREAS, a bye-election is to be held for the purpose of filling the said vacancy;

3. NOW, THEREFORE, in pursuance of sub-section (1) of section 150 and sections 30 and 56 of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951), the Election Commission of Inida hereby :-

(A) Calls upon the said 5-Bhatgaon Assembly Constituency in the State of Chhattisgarh, to elect, before the 7th October, 2010 (Thursday) and in accordance with the provisions of the said Act and of the rules and orders made thereunder , a person, for the purpose of filling the said vacancy in the Legislative Assembly of the State ;

(B) apoints, with respect to the said election :-

(a) the 13th September, 2010 (Monday), as the last date for making nominations ;

(b) the 14th September, 2010 (Tuesday), as the date for the scrutiny of nominations ;

(c) the 16th September, 2010 (Thursday), as the last date for the withdrawal of candidatures ;

(d) the 1st October, 2010 (Friday), as the date on which a poll shall, if necessary, be taken ; and

(e) the 7th October, 2010 (Thursday), as the date before which the election shall be completed ; and

(C) fixes the hours from 8.00 A. M. to 5.00 P. M. as the hours during which the poll shall, if necessary, be taken on the date specified above for the election.

By order,

Sd/-
(K. AJAY KUMAR)
Secretary
Election Commission of India

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.